तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

12 स्वयंसेवकों को समाज सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया



12 पेयजल नलों पर मीटर लगाने की रखी मांग



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद में हमला कर बाप को किया घायल

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में बेटे ने जमीन विवाद के चलते बाप पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दानौदा खुर्द निवासी दलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका उसके बेटे अनिल के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

### 321 ग्राम अफीम के साथ तस्कर दबोचा

**कैथल।** स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र द्वारा गांव क्योड़क क्षेत्र से नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपियों के कब्जे से 321 अफीम बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र के एसआई संजय की टीम रविवार को गश्त दौरान क्योड़क क्षेत्र में मौजूद थी।

### स्कूटी की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल,मामला दर्ज

**जींद।** बसंती माता सफीदों के निकट तेज रफ्तार स्कूटी ने राहगीर बुजुर्ग महिला को टक्कर मार कर घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर अज्ञात स्कूटी सवार महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राम कॉलोनी सफीदों निवासी 78 वर्षीय महिला फुलकोर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अवैध देसी कट्टे सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी राजेश के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा कैथल शहर क्षेत्र से एक आरोपी को .32 बोर के एक अवैध देसी कट्टे सहित काबू कर लिया गया। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### संदिग्ध हालत में मां बेटा लापता, केस दर्ज

**जींद।** जवाहर नगर से मां व बेटे के संदिग्ध हालत में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जवाहर नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 9 मार्च दोपहर को उसकी पत्नी तथा 9 वर्षीय बेटा घर से गायब हो गए। तलाश करने तथा रिश्तेदारियों में पूछताछ करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### पूर्व सैनिक 26 मार्च को करेंगे रोष प्रदर्शन

**कैथल।** पूर्व सैनिकों द्वारा पटियाला के धरने के समर्थन में लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह फौजी ने बताया कि पटियाला में सेना के उच्च स्तरीय अधिकारी कर्नल परविंदर सिंह बाठ व पुत्र अंगद की पंजाब पुलिस द्वारा पिटाई और आई कार्ड व फोन ले जाने पर और फिर एफआईआर अज्ञात के नाम से दर्ज करना व वापस एनकाउंटर की धमकी देना विषयों की भारतीय सेना व पूर्व सैनिक निंदा करते हैं।

### हमला कर बाप व बेटे को घायल करने पर केस दर्ज

**जींद।** गांव बुडायन में हमला कर बाप व बेटे को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुडायन निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई प्रवीण शराब के नशे में उनका बाइक लेकर गली में छोड़ गया। पिता गली से गुजर रहा था तो प्रवीण ने हमला कर दिया।

### शराब तस्करी मामले में 2 बेल जंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश,एएसआई राजकुमार द्वारा उद्घोषित अपराधी सौंथा निवासी अमनदीप व विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

---

*बिजली निगम हुआ डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त*

# बिजली निगम के 90 करोड़ 28 लाख रुपये पर 9391 उपभोक्ताओं की कुंडली, 3 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दक्षिण हरियाणा बिजली निगम की जुलाना सब डिवीजन के 90.28 करोड़ रुपये 9391 उपभोक्ताओं की तरफ बकाया हैं। इस भारी भरकम राशि पर उपभोक्ता कुंडली मारे बैठे हैं लेकिन अब निगम एक्सन मोड़ में नजर आ रहा है। निगम की जुलाना डिवीजन ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर तीन दिन के अंदर बकाया बिल नहीं भरा तो कनेक्शन काटे जाएंगे। इसी को लेकर सोमवार को जुलाना सब डिवीजन के उपमंडल अधिकारी अशोक ने एरिया इंचार्जों बैठक ली व सब डिवीजन के तहत आने वाले गांवों में उपभोक्ताओं की तरफ खड़ी बकाया राशि पर चर्चा की गई।

**सख्ती से निपटा जाएगा**

उन्होंने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल नहीं अदा करने के कारण निगम का लगभग 90 करोड़ 28 लाख रुपये 9391 उपभोक्ताओं की तरफ बकाया हैं। उपभोक्ता बिल नहीं भर रहे हैं और न ही प्रदेश सरकार की अंत्योदय फैमिली योजना के तहत बिल माफ करवा रहे है। ऐसे में अब उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि जो भी उपभोक्ता बिल का बिल नहीं भर रहे हैं उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए उनके मीटर उखाड़े जाएं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल निगम की बकाया राशि देनी ही होगी अन्यथा उनके कनैक्शन काटे जांएगे और बाद में अगर वे बिजली चोरी करते पाए गए तो उनके खिलाफ बिजली चोरी का केस बनाया जाएगा और यह बिजली चोरी के केस बिजली एवं सिंचाई थाना को भेजे जाएंगे ताकि बिजली चोरों से रिक्वरी करवाई जा सके।



जींद। बिजली कर्मचारियों की बैठक लेते उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

**बकाया राशि निगम को अदा करे**

इसलिए उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे बिजली बिल की बकाया राशि निगम को अदा करें और समय पर बिल भरना सुनिश्चित करें ताकि उपभोक्ताओं को बिजली की पर्याप्त सुविधा दी जा सके। उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि जो भी उपभोक्ता बिल का बिल नहीं भर रहे हैं उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए उनके मीटर उखाड़े जाएं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल निगम की बकाया राशि देनी ही होगी अन्यथा उनके कनेक्शन काटे जांएगे और बाद में अगर वे बिजली चोरी करते पाए गए तो उनके खिलाफ बिजली चोरी का केस बनाया जाएगा और यह बिजली चोरी के केस बिजली एवं सिंचाई थाना को भेजे जाएंगे ताकि बिजली चोरों से रिक्वरी करवाई जा सके।

- अगर चोरी करते पाए तो बिजली चोरी का केस बनाया जाएगा

---



कैथल। दुकानों को सील करती जिला प्रशासन की टीम। *फोटो :हरिभूमि*

# जिला प्रशासन ने चार दुकानों को किया सील

- लोन की किस्तें न भरने पर बैंक व पुलिस की टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में बैंक से लोन लेकर जमीन के मालिक द्वारा किस्तें न भरने पर आइसीआइसीआइ बैंक व पुलिस की टीम ने सोमवार सायं अमरगढ़ गामडी गली नंबर 11 नजदीक लाल कोठी पुराना बाईपास करनाल रोड कैथल के निकट चार दुकानों को सील कर दिया। यह दुकान कैथल के गुरदीप व जसप्रीत कौर की थी जिन्होंने बैंक का 1.54 करोड़ रुपये के लोन की किश्त नहीं भरी थी। बता दें कि यह सात दुकानें 298 गज जमीन पर बनी हैं। हालांकि मौके पर सात दुकानें हैं, लेकिन जांच के दौरान तीन दुकानों की रजिस्ट्री सही पाई और चार पर लोन लिया था। ऐसे में अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और लोन वाली दुकानें सील कर दी। साथ ही जमीन मालिक को चेताया गया कि कागजी कार्रवाई पूरी किए बिना दुकानों को न खोला जाए।

**आरोप सही पाए**

कार्यवाही के ड्यूटी मजिस्ट्रेट कैथल के तहसीलदार रविंद्र कुमार ने बताया कि दुकानों पर आईसीआईसीआई बैंक से लोन करवाया है। इस जमीन की मालिक परमजीत कौर नामक महिला है। उसने दुकानों पर लोन लिया था, लेकिन किस्तें नहीं भरी। इस संबंध में बैंक अधिकारियों की ओर से जिला प्रशासन को शिकायत दी गई। जांच के दौरान शिकायत में बैंक अधिकारियों द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए गए। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें नोडल अधिकारी बनाया गया।

---

## ठेकेदारों के नहीं आने से दो बार टेंडर हो चुके रद

# गेहूं खरीद से पहले उठान व लेबर के टेंडरों की कल खुलेगी तकनीकी बिड

20 टेंडर मंडी से गेहूं उठान के लिए लेबर तो 35 मंडियों के ट्रांसपोर्ट के लगे हैं टेंडर

**गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल से होगा प्रारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा। अभी खरीद कार्य में सात दिन शेष हैं। अभी तक मंडियों में लेबर व उठान के टेंडर नहीं हो पाए। इससे पहले दो बार मंडियों में उठान व लेबर के टेंडर लगवाए गए थे लेकिन इन टेंडरों की तकनीकी बिड खुलवाने के दौरान कोई भी ठेकेदार इनमें शामिल नहीं हुआ। अब तीसरी बार टेंडर लगाने के बाद बुधवार को इनकी तकनीकी बिड खोली जाएगी। मंगलवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से लगवाए गए टेंडरों में ठेकेदारों को शामिल करने के लिए आंमत्रित किया गया है। इससे पहले प्रदेश सरकार ने मंडी से गेहूं उठान के लिए ट्रांसपोर्ट के ट्रक व लेबर पर नई शर्त लगाई थी। इस शर्त के कारण कोई भी ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ। पहले उठाने में देरी होने पर प्रति ट्रक 100 रुपये जुर्माना था लेकिन नई शर्त में प्रति ट्रक एक हजार रुपये जुर्माना किया गया। इसका प्रदेश भर के मंडी के ठेकेदारों ने विरोध कर जींद में राज्य स्तरीय बैठक कर सरकार से इस शर्त को वापस लेने की मांग की थी। इसके अतिरिक्त पहले उठान के लिए 72 घंटे का समय होता था लेकिन नई शर्त के अनुसार यह समय भी 48 घंटे किया गया था। इन दोनों शर्तों के खिलाफ लामबंद हुए ठेकेदारों ने टेंडर प्रक्रिया का विरोध कर सरकार को झुकाने का काम किया था। जिलाभर की मंडियों के लिए दो अलग-अलग टेंडर लगाए: अब जिले भर की मंडियों के लिए दो अलग- अलग टेंडर लगाए गए हैं। इसमें 20 टेंडर लेबर के लगाए गए हैं जबकि 35 टेंडर ट्रांसपोर्ट के लिए लगाए गए हैं। इन दोनों टेंडरों में ठेकेदारों के लिए भी समय से उठान करवाना चुनौती बनेगा। आज के समय में गेहूं की कटाई मशीन से होती है। मशीनों के कारण एक सप्ताह से दस दिन के अंदर गेहूं की ज्यादा आवक हो जाती है। इसके कारण लेबर व उठान दोनों की हर साल परेशानी पैदा होती है। कई बार किसानों को मंडी में जाम भी लगाना पड़ता है।



जींद। अनाज मंडी। *फोटो :हरिभूमि*

**नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई**

डीएफएससी राजेश आर्य ने बताया कि बुधवार को दोनों तरह के टेंडरों की तकनीकी बिड खुलेगी। इसके बाद मंडियों में उठान व लेबर के टेंडर ठेकेदारों को अलॉट कर दिए जाएंगे। जो ठेकेदार नियमों की अवहेलना करेगा। उस पर नियमानुसार कार्रवाई करवाई जाएगी।

**उठान को लेकर होती है परेशानी**

मंडियों में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू हो जाती है। इस दौरान हर वर्ष मंडियों में समय से उठान नहीं होने और आवक ज्यादा होने के कारण जाम के हालात होते हैं। इनसे निपटने के लिए इस बार प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया में शर्तों में बदलाव किया था। 10 अप्रैल तक मंडियों में गेहूं कम ही मात्रा में आती है। इसके बाद 10 से 20 अप्रैल तक ज्यादा गेहूं की आवक होती है।

**एक एमटी पर एक ट्रक की जरूरत**

मंडी में गेहूं के उठान के लिए एक हजार मीट्रिक टन के लिए एक ट्रक की आवश्यकता होती है। बीते वर्ष जिलेभर की मंडियों में 269696 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी।

---

# 110 किलो डोडा पोस्त के साथ तस्कर काबू

- चित्तौड़गढ़ राजस्थान से तस्करी कर ले जा रहा था नरवाना के गांव डिंडोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने दिल्ली-कटरा नेशनल हाइवे पुल के नीचे कार से 110 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्ट बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। डोडा पोस्त को चित्तौडग़ढ़ से तस्करी कर गांव डिंडोली ले जाया जा रहा था। अलेवा थाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों तस्करों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि चित्तौडग़ढ़ राजस्थान से कार के द्वारा नशीले पदार्थों को तस्करी कर नरवाना की तरफ ले जाया जाना है। तस्कर गांव तेलीखेड़ा से गांव खरकगादिया होते हुए नरवाना उपमंडल के गांव डिंडोली जाएंगे। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ ने दिल्ली कटरा नेशनल हाइवे के पुल के नीचे नाकाबंदी कर गांव तेलीखेड़ा की तरफ से आने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद सिल्वर रंग की कर आती दिखाई दी। गाड़ी का चालक पुलिस पार्टी को सामने देख कर गाड़ी को वापस मोडऩे लगा। इस दौरान उनकी गाड़ी बंद हो गई। जिस पर पुलिस ने गाड़ी तथा उसमें सवार तीन लोगों को काबू कर लिया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसकी डिग्गी में रखे चार कट्टों में कुछ वस्तु बंद दिखाई दी। जब पुलिसकर्मियों ने उन कट्टों की जांच की तो उसमें डोडा पोस्त भरा पाया गया।



जींद। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर। *फोटो :हरिभूमि*

**जानकारी जुटाई जा रही**

एनडीपीएस के नोडल अधिकारी डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों से उनके नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। डोडा पोस्त को किसके पास से लेकर आए थे और उसे कहां पर सप्लाई किया जाना था, इसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

---

# गांव बुच्ची के युवक की अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत, तीन बेटियों का पिता था

- 28 वर्षीय राहुल ट्रक चालक के तौर पर काम करता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बुच्ची गांव के युवक की अमेरिका में अचानक हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। मृतक युवक वहां पर ट्रक चालक के तौर पर काम करता था। दो दिन पहले उसको अचानक हार्ट अटैक आ गया। युवक के साथ काम करने वाले लोगों ने उसके परिजनों को फोन पर इसकी सूचना दी। वह तीन बेटियों का पिता था। जानकारी अनुसार बुच्ची का निवासी 28 वर्षीय राहुल सवा एकड़ जमीन बेच कर करीब 2 साल पहले अमेरिका गया था। उसकी मौत की सूचना से परिवार व गांव में मातम का माहौल है। उसके परिजनों ने सरकार से अपील की है कि उनके बेटे का शव देश में लाया जाए ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। परिवार के साथ-साथ गांव में भी युवक की मौत की घटना से लोगों की आंखें नम हैं। युवक राहुल अपने परिवार में अकेला बेटा था। पिता गुलाब सिंह ने उसे सवा एकड़ जमीन बेचकर अमेरिका भेजा था। परिवार की आर्थिक स्थिति उस समय काफी खराब थी। उम्मीद थी कि युवक अमेरिका जाने के बाद वहां काम कर अच्छी कमाई करेगा और परिवार की गरीबी दूर करेगा, लेकिन 2 साल में ही उसके साथ यह घटना हो गई।

**शव को घर लाने में असमर्थ**

गांव के लोगों ने सरकार से मांग की है कि युवक के शव को उसके घर लाया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि परिवार की स्थिति इतनी खराब है कि वे अपने बूते पर बेटे के शव को घर लाने में असमर्थ हैं। ग्रामीण सहायता की मांग कर रहे हैं।

---

*खुद की लेखनी से वैदिक मंत्र सहित अन्य भगवान स्तुति लिख बांट रहे घर-घर*

# सनातन संस्कृति को बढ़ावा दे अलख जगा रहे भार्गव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सनातन संस्कृति को बढावा देने की अलख ऐसी लगी कि आठ वर्षीय बालक ने सुंदर लेखनी लिखनी शुरू की। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती गई, वैसे ही लेखनी के साथ-साथ इच्छा भी बढ़ती गई। सुंदर लेखनी के माध्यम से वैदिक मंत्र, गुरू मंत्र, मां दुर्गा आरती लिखी। फिर उन्हें माता-पिता की मदद से फ्रेम करवाया और आस-पड़ोस में निशुल्क बांटे। यह सब कर रहे हैं सेक्टर आठ निवासी 16 वर्षीय भार्गव। भार्गव सुप्रीम स्कूल में 12वीं कक्षा के विज्ञान विषय के छात्र हैं और पढ़ाई के साथ-साथ सनातन संस्कृति को बढावा देने लिए अपनी सुंदर लेखनी से लेख लिख रहे हैं। शहर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा उन्हें इस कार्य के लिए कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। भार्गव के पिता नरेश कुमार अध्यापक हैं और मां रेखा ग्रहणी हैं। नरेश कुमार बताते हैं कि जब भार्गव पांच वर्ष के हुए और उसने लिखना शुरू किया तो उसकी लिखावट अन्य बच्चों से अलग थी। जैसे-जैसे भार्गव बड़ा हुआ तो लिखावट ओर भी सुंदर होती चली गई। पिछले पांच वर्ष से भार्गव हर शुभ कार्य के लिए अपनी लेखनी से वैदिक मंत्रों के अलावा सनातन संस्कृति को बढावा देने के लिए लेख लिख रहे हैं।



जींद। अपने द्वारा लिखी गई स्तुति को वितरित करते भार्गव। *फोटो :हरिभूमि*

**सनातन संस्कृति को बढ़ावा उद्देश्य**

भार्गव ने बताया कि सनातन संस्कृति और अध्यात्मक को बढावा देने के लिए वो लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि परिवार के सभी सदस्य एकसाथ वैदिक मंत्रों, भगवान वंदना को एकसाथ पढ़ें और उसे कंठस्थ करें। इन संस्कारों को वो अपने जीवन में उतारें। इसीलिए वो लगातार अपनी लेखनी के माध्यम से वैदिक सनातन संस्कृति को बढावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इस कार्य में माता-पिता का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

---

# कपड़ा खरीदने आई चार महिलाएं ले उड़ी 80 हजार की नकदी व 26 सूट

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दुर्गा मंदिर वाली गली जुलाना में खरीदारी करने के लिए दुकान में आई चार महिलाएं 80 हजार की नकदी तथा 26 सूट लेकर फरार हो गई। दुकानदार की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात चार महिलाओं के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा मंदिर वाली गली जुलाना निवासी रामकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान के अगले हिस्से में कपड़े की दुकान खोली हुई है। गत दिवस उसकी पत्नी कविता दुकान पर बैठी हुई थी। इसी दौरान महिलाएं कपड़ा खरीदने के लिए दुकान पर आई। उसकी पत्नी ने महिलाओं को काफी कपड़े की वैरायटी दिखाई। काफी देर कपड़ा देखने के बाद महिलाएं बिना खरीदारी करें वहां से चली गई। इस दौरान उसकी पत्नी भी व्यस्त रही। जिसका फायदा उठा कर महिलाएं दुकान से 80 हजार की नकदी तथा 26 सूट चोरी कर ले गई। घटना का उसे समय पता चला जब दुकान के स्टॉक व गल्ले में रखी राशि को संभाला। पुलिस ने रामकेश की शिकायत पर चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने कॉलेज खेल मैदान में श्रमदान किया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डा. अंशु द्वारा संचालन करवाया गया। दिन की शुरूआत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के योगा अभ्यास द्वारा हुई। अगले सत्र में छात्राओं द्वारा कॉलेज के खेल मैदान में श्रमदान से हुई।

### दो युवकों को घायल करने पर 8 नामजद

**जींद।** गांव डूमरखां कलां के निकट हमला कर दो युवकों को घायल करने पर पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव डूमरखां कलां निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त विकास के साथ बाइक पर सवार होकर नरवाना से गांव लोट रहा था।

### अवैध कॉलोनियों में एग्रीमेंट-बिक्री पर रोक

**जींद।** जिलाधीश के आदेशानुसार तहसील उचाना क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई जारी है। पहले भी इन कॉलोनियों में एग्रीमेंट और बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे। जिला योजनाकार अंजू ने बताया कि जांच में पता चला कि पहले दिए गए आदेश में गांव पहलवान की जमीन के खसरा नंबर 65//11 मिन, 12 मिन, 19 मिन, 20 मिन गलती से दर्ज हो गए थे।

### आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर समाधान करे

**जींद।** स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा ने गुजरात सरकार से मांग की है कि अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियों से तुरंत बातचीत करके समाधान करे। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, उपप्रधान सुदेश कुमारी, महासचिव सतपाल खासा, वित्त सचिव रणधीर सिंह चहल ने बताया कि गुजरात के स्वास्थ्य कर्मी 17 मार्च से अपनी जायज मागों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

### आर्य समाज का मासिक सत्संग 30 मार्च को

**सफीदों।** आर्य समाज सफीदों के तत्वावधान में 30 मार्च दिन रविवार को नगर के आर्य समाज मंदिर में वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष यादविंद्र बराड़ ने बताया कि मौके पर प्रातः साढ़े 8 बजे से हवन व सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भजनोपदेशिका बहन तन्नू आर्या व स्वामी धर्मदेव महाराज पहुंचकर आर्य समाज के विचारों की अलख जगाएंगे।

### नागरिक अस्पताल में मनाया टीबी दिवस

**नरवाना।** सोमवार को डॉक्टर बिंदलिशॅ ड० नरवाना के नेतृत्व में नागरिक हॉस्पिटल नरवाना विश्व टी वी दिवस मनाया गया जिसमें लोगों को टीवी के लक्षण जैसे वजन कम होना दोस्त सप्ताह से अधिक खांसी होना रात के समय में पसीना आना भूख न लगना थकान महसूस होना आदि को टीवी के बचाव के लिए प्रोटीन युक्त आहार दूसरों के संपर्क आने से बचें बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें घर या पड़ोस में कि किसी को टीवी होने पर जांच जरूर करें।

### सीआरएसयू में स्थायी भर्ती की मांग उठाई

**जींद।** सीआरएसयू में में स्थायी भर्ती व स्कूलों में लाइब्रेरियन नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन छात्र नेता अभिषेक जुलाना ने एसडीएम सत्यवान मान के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में विशेष रूप से स्कूलों में लाइब्रेरियन की भर्ती पर जोर दिया गयाए जिससे शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा सके।

### प्रदेश स्तरीय रैली का दिया निमंत्रण

**अलेवा।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने 30 मार्च को कैथल की अनाज मंडी में होनी वाली प्रदेश स्तरीय रैली को सफल बनाने के लिए विधानसभा उचाना के बिघाना, दुड़ाना तथा बधाना गांव में दौरा कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

## ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

# अवैध रूप से चल रही अकादमी व किड्स प्ले स्कूलों पर तुरंत कार्रवाई की जाए : शर्मा

### एनसीआर क्षेत्र में स्कूल बसों की अवधि को 10 साल की बजाय 15 साल किया जाए

### 134 ए और आरटीई योजना की बकाया राशि तुरंत जारी की जाए


जींद। ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राम अवतार शर्मा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने कहा कि अवैध रूप से चल रही अकादमी और किड्स प्ले स्कूलों पर कानून के अनुसार तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए। एनसीआर क्षेत्र में स्कूल बसों की अवधि को 10 साल की बजाय 15 साल किया जाए। स्कूल बसों से यात्री कर हटाया जाए। 134.ए और आरटीई योजना की बकाया राशि तुरंत जारी की जाए।

प्रांतीय अध्यक्ष राम अवतार शर्मा सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकार वार्ता से पहले ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सदस्यों ने एडीसी विवेक आर्य से उनके कार्यालय में मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। राम अवतार शर्मा ने कहा कि उनका संगठन सरकार को पहले ही आगाह कर रहा है कि छोटे बच्चों के बचपन को बर्बाद कर रहे और कायदे व कानून को ठेंगा दिखाकर चल रहे किड्स प्ले स्कूलों और अकादमी को बंद करवाया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा नही हो। केंद्र और प्रदेश सरकार का कानून कहता है कि 16 साल तक का कोई भी बच्चा स्कूल के समय में किसी अकादमी में नहीं जाएगा। अगर 16 साल तक के किसी बच्चे को स्कूल टाइम में अकादमी में दाखिल किया जाता है तो यह गैर कानूनी है। जींद में छोटे-छोटे कमरों में और अवैध रूप से चल रही अकादमी तथा प्ले स्कूलों को बंद करवाने की मांग वो लगातार उठा रहे हैं ताकि नौनिहालों काबचपन बर्बाद न हो। अगर इस तरह की अवैध अकादमी और प्ले स्कूलों को बंद नहीं करवाया गया तो एसोसिएशन कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। जिला प्रधान वजीर सिंह ढांडा ने कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की तरफ ध्यान देना चाहिए। राजस्थान के कोटा और सीकर की अकादमी में पढ़ रहे बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं तो इसकी बड़ी वजह डिप्रेशन है। बच्चों पर मां-बाप इस तरह की कोचिंग थोंप रहे हैं जबकि अकादमी में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए कोई सुविधा नही है। स्कूलों में ही बच्चों का चहुंमुखी विकास संभव है, चाहे वह स्कूल निजी हो या सरकारी। इस मौके पर पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश मलिक, बिजेंद्र रेढू आदि भी मौजूद थे।

### बच्चों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नही

रामअवतार शर्मा ने कहा कि अवैध रूप से चल रही अकादमी और किड्स प्ले स्कूल बच्चों के बचपन को बर्बाद कर रहे हैं। इन अकादमी और किड्स प्ले स्कूल में बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह छोटे-छोटे कमरों में ठूंस-ठूंस कर भरा जाता है। इनमें किसी तरह की कोई सुविधा नही और बच्चों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नही है। बेसमेंट में अकादमी चल रही हैं। जिनमें कभी भी आग लगने या पानी भरने से दिल्ली और गुजरात के सूरत जैसा कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## स्वयंसेवकों को समाज सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया

- वृक्षारोपण के साथ एनएसएस का सात दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय बहुतकनीकी नरवाना के एनएसएस शिविर के सातवे दिन आज स्वयंसेवकों ने गांव के सरपंच पृथी सिंह के निवास सदन पहुंचे। सभी स्वयंसेवकों ने सरपंच का उनके गांव में शिविर लगवाने के लिए धन्यवाद किया। पृथी सिंह ने भी स्वयंसेवकों द्वारा निकाली जाने वाली समाज सुधार यात्राओं और जागरूकता मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वयंसेवकों ने तत्पश्चात गाँव में जल ही जीवन है और सड़क सुरक्षा यात्रा निकाली। स्वयंसेवकों द्वारा लगाये गए नारों जल है तो कल है जल बचाओ एकल बचाओ संकल्प ये उठाना है व्यर्थ पानी नही बहाना है नज हटी एदुर्घटना घटी हेलमेट लगाओ ए जीवन बचाओ, धीमी चाल सुरक्षित चाल इत्यादि ने आसमान गुंजमय बन दिया। स्वयंसेवकों ने बाद में राजकीय बहुतकनीकी के एनएसएस पार्क में श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने बाद में एक कदम वृक्षारोपण हजार कदम उन्नति का नारा दिया और प्रत्येक स्वयंसेवक ने स्वयं गड्ढा खोदकर स्वयं पेड़ लगाकर स्वयं पेड़ को पानी दिया। लंच के बाद फीडबैक सत्र में स्वयंसेवकों ने भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित करने की अपील की ताकि वो समाज सेवा का ज्यादा से ज्यादा भागीदार बन पाए। संस्थान एनएसएस प्रभारी विनोद कुमार ने स्वयंसेवकों को इस कैंप को सफल बनाने के लिए समर्पण भाव की प्रशंसा की और प्रधानाचार्य जसवंत सिंह की कैंप को आयोजित करवाने के लिए सहयोग का धन्यवाद किया। सहप्रभारी प्रदीप नैन ने भी स्वयंसेवकों को इसी तरह समाज सेवा में तत्पर रहने कि लिए प्रेरित किया। मैकेनिकल डिपार्टमेंट कि विभागाध्यक्ष अनिल मोगा ने स्वयंसेवकों एनएसएस कैम्प कि ज़रिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर ज़ोर दिया। प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कैम्प की सफलता के लिए एनएसएस प्रभारी विनोद कुमार सहप्रभारी प्रदीप नैन,क्लर्क संजीव रणधीर सिंह को बधाई दी।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** माजरा खाप पंचायत ने सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डा. राज सैनी से मुलाकात की और चौधरी हरफूल जाट जुलानी के नाम से नरवाना रोड पर बड़ा गेट बनवाने की बात कही। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, सचिव महेंद्र सिंह सहारण, समुंद्र सिंह फोर ने बताया कि चौधरी हरफूल जाट जुलानी बहुत बड़े गोभक्त रहे हैं। अपने समय में उन्होंने 17 गोहत्तों को तुडवाने का काम किया था। अनेकों कसाइयों को मौत के घाट उतारा था। इसी जुर्म में उन्हें 27 जुलाई 1936 को फिरोजपुर जेल मे फांसी दी गई थी। इसी एवज में खाप पंचायतों ने हरफूल जाट जुलानी को सवाशेर की उपाधि से नवाजा है। यही नही दीन व दुखी महिलाओं की सहायता वो हमेशा करते थे। आज भी चौधरी हरफूल जाट जुलानी के किस्से बड़े बुढ़े खुब सुनाते हैं।


जींद। भाजपा नेता डा. राज सैनी को ज्ञापन सौंपते खाप प्रतिनिधि।


जुलाना। हांसी मार्ग से जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

### टीम ने फुटपाथ से तीन जगह से सैंपल लिए

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में नपा द्वारा हांसी मार्ग पर सड़क के दोनों और फुटपाथ बनाया था। जिसके 24 जनवरी को जुलाना से विधायक विनेश फोगाट ने सैंपल लिए थे। जिसमें आठ इंच की जगह केवल तीन इंच ही रोड़ा डाला पाया गया था। जांच के लिए विधायक ने मंत्री विपुल गोयल को 19 फरवरी को पत्र लिखा था। जब कोई जांच नही हुई तो विधानसभा सत्र के दौरान विनेश फोगाट ने कहा था कि जुलाना में भ्रष्टाचार की कोई भी जांच नही हुई। सरकार ने टीम बना कर जांच के लिए भेजी। टीम का नेत्तृत्व शहरी स्थानीय निकाय एक्सईएन सतीश कुमार ने किया। टीम ने फुटपाथ से तीन जगह से सैंपल लिए। रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जाएगी। जुलाना की विधायक विनेश फोगाट ने विधानसभा में जांच की मांग की थी। फुटपाथ के निर्माण की जांच के लिए टीम ने तीन जगह से सैंपल लिए हैं। रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जाएगी।

### समाधान शिविर में समस्याओं का हो रहा निदान

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी विवेक आर्य ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में एसडीएम सत्यवान मान, सीईओ जिव अनिल दून, सीटीएम डा. आशीष देशवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने कहा कि सरकार का सुशासन विजन समाधान शिविर के माध्यम से साकार हो रहा है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बन रहा है, जो न केवल समस्याओं के समाधान में सहायक है बल्कि प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह और जनहितकारी बना रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए।


जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि


जींद। प्रभु का गुणगान करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### तीन दिवसीय आनंद कला महोत्सव संपन्न

**जींद।** नई अनाज मंडी के सामने कला धाम मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय आनंद कला महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभी भक्तजनों ने नाच झूम कर प्यारे महान के प्रकट दिवस की खुशियां मनाई। ऋषि सुखदेव महाराज ने कहा कि परमपिता प्रभु भगवान प्यारे महान सत्य, गूढ़, ज्ञान एवं प्रेम आनंद के अथाह सागर हैं। साक्षात त्याग, वैराग्य और प्रेम की मूरत है। उन्होंने मानवता अपितु संपूर्ण जगत के कल्याण के लिए अनेकों वेद ग्रंथों की रचना की और इस संसार में रहते हुए गहरे भवसागर से पार उतरने का मार्ग दिखाया और अपने आप के सही स्वरूप से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सेवा, सिमरन और दानए इनसे होता है कल्याण। सभी भक्तों को पूर्ण संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर संपूर्ण मानवता की भलाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।


जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**जींद।** मोतीलाल नेहरू विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत के अवसर पर हवन का आयोजन किया। पवित्र अनुष्ठान का उद्देश्य विद्यालय परिसर को सकारात्मक ऊर्जा से भरना एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था। हवन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष संदीप दहिया, प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, स्कूल प्रशासक वीपी शर्मा और मुख्य समन्वयक सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र व छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे। नए सत्र की शुरुआत के पहले दिन विद्यालय आगमन पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने छात्र व छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन संपन्न हुआ। जिसमें सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव से आहुतियां अर्पित की।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों ने की नारेबाजी

- तीन माह से नही मिला वेतन, धरना देकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नारेबाजी करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने वेतन रुकने पर सोमवार को ब्लॉक कार्यालय के समक्ष धरना दिया और नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले तीन माह से उनका वेतन समय से नही मिला है। जिसके कारण उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। धरने में शामिल सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वे दिन-रात मेहनत कर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने का कार्य करते हैं लेकिन समय पर वेतन न मिलने से उनकी मेहनत का उचित सम्मान नही हो रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ब्लॉक पिल्लूखेड़ा के प्रधान कपूर सिंह ने कहा कि वेतन के अभाव में उनके बच्चों की शिक्षा और घरेलू जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। ब्लॉक प्रशासन की ओर से अकाउंटेंट ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द आपकी समस्या का समाधान का किया जाएगा लेकिन ऐसा हो नही पा रहा है। धरने पर संजय, सिंधु कुमारी, सोनू, जयबीर, राजेंद्र, उत्तम आदि कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने मांग की कि बकाया वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करवाया जाए।


जींद। भवन के शिलान्यास कार्यक्रम पर गणमान्यों को स्मृति चिन्ह देते हुए।

### भंभेवा में घणघस गोत्र के भवन का शुभारंभ

**जींद।** गांव भंभेवा में घणघस गोत्र के लोगों ने मिल कर भवन का निर्माण करवाया है। इस भवन का शिलान्यास 15 सितंबर 2019 को जाटू खाप चौरासी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सूबेदार राजमल घणघस गांव धनाना द्वारा किया गया था। इस भव्य घणघस भवन का निर्माण कार्य 23 मार्च को संपन्न हुआ और गांव भम्भेवा में निर्मित इस घणघस भवन का शुभ मुहूर्त कमेटी द्वारा शहीदी दिवस पर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर दो मिनट का मोन धारण कर उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। जिन्होंने अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्ति दिलाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता घणघस भवन कमेटी के संरक्षक रामफूल घणघस व कमेटी के प्रधान एवं वर्तमान सरपंच नवीन घणघस ने की। मंच का संचालन कमेटी के सचिव शक्ति सिंह घणघस ने किया।

## दालमवाला में अलेवा ब्लॉक के सरपंचों की ट्रेनिंग का आयोजन

# पेयजल नलों पर मीटर लगाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दालमवाला में अलेवा ब्लॉक के सरपंचों की ट्रेनिंग का आयोजन सोमवार को किया गया। ट्रेनिंग कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि विभाग द्वारा सिंगल विलेज स्कीम के तहत ग्राम पंचायतों की जनभागीदारी तभी बढेगी, जब स्कीम के तहत मिलने वाला पैसा ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी के खाते में समय पर आए। ट्रेनिंग में ग्राम पंचायत बधाना के सरपंच रामेहर व अलेवा के सरपंच विनोद कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा लागू की जा रही स्कीम अच्छी है और ग्राम पंचायतें इसमें जन भागेदारी बढाने के लिए सहमत है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि इस स्कीम में गांव में लीकेज, अस्वच्छ कनैक्शन व बिजली सहित अन्य कार्यो के लिए दिये जाना वाला पैसा उन्हें समय पर मिले।

विभाग द्वारा सभी पेयजल नलों पर पानी मीटर लगाने का आदेश जाारी करें ताकि व्यर्थ में बहने वाले पानी की बर्बादी को रोका जा सके। इसके साथ ही विभाग द्वारा अवैध कनैक्शन, खुले नल व अस्वच्छ कनैक्शन पर कार्यवाही के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति को अधिकार दिए जाएं। इस मौक पर जिला सलाहकार रणधीर मताना पेयजल सीगल विलेज स्कीम के तहत एक अप्रैल 2025 से पेयजल आपूर्ति व रख खाव के कार्यो में ग्राम पंचायत की जन भागीदारी बढेगी। ग्राम पंचायत को लिकेज आदि कार्यो के लिए पूर्व में राशि मिलेगी ताकि पेयजल आपूर्ति व उसका रखरखाव का कार्य सही तरीके से हो सके। अब इस कमेटी मे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शामिल किया जाएगा।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए सरपंच। फोटो :हरिभूमि

### टोल फ्री नंबर पर शिकायत दें

इस मौके पर सुरेंद्र दुग्गल, कुशल शर्मा, सोमलता सैनी, जय सिंह ने कहा कि सभी गांव में पेयजल जांच के लिए पांच-पांच महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। पेयजल से संबंधित किसी समस्या समाधान के लिए उपभोक्ता विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### देश हित के कार्य की प्रेरणा दी

**जींद।** छोटूराम किसान महाविद्यालय में सोमवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ डा. कुलबीर सिंह रेढू ने किया। यह कैंप राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्तव्य व शिक्षा पर आधारित होगा। प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए देश हित के कार्य की प्रेरणा दी। प्राचार्य द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मतलब ही राष्ट्र सेवा करना है व अपने कर्तव्यों की पूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देकर देश को विकास पथ पर ले जाना है। इस अवसर पर डा. रविंद्र कुमार द्वारा श्रमदान के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया और कहा कि श्रमदान राष्ट्र निर्माण के लिए बहुत जरूरी है। इस अवसर पर डा. सतकुमार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बतलाया गया।

## खबर संक्षेप

### आवास योजना के आवेदन किए जाएं आफलाइन

**पाई।** सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन आफलाइन लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पहले सरकार के द्वारा आवेदन आफ लाईन लेने के आदेश थे। गांव के 800 से अधिक लोगों ने इस योजना के तहत आवेदन किया है। अब सरकार द्वारा आदेश आये है कि आवेदन आन लाइन करने है और एक फोन से केवल एक आवेदन किया जाना है।

### समारोह के उपलक्ष्य में निकाली कलश यात्रा

**सीवन** नगर के डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम में होने वाले भक्ति के महाकुम्भ श्री भागवत भक्तिज्ञान गंगा समारोह के उपलक्ष्य में सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा नगर परिक्रमा करते हुए डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम में पहुंच कर समाप्त हुई। बैंड बाजे के साथ निकाली गई इस यात्रा में सबसे आगे कायक्रम के मुख्य यजमान कलश लेकर चल रहे थे। डेरा बाबा नागा जी के सेवक कृष्ण गर्ग ने बताया कि संगीतमयी श्री भागवत ज्ञान गंगा समारोह का आयोजन स्वामी हरी दास की पूण्य तिथि पर करवाया जा रहा है।

### एएसआई जयभगवान एसआई के पद पर प्रमोट



कैथल। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ में कार्यरत एएसआई जयभगवान को एसआई के पद पर प्रमोट होने पर एसपी राजेश कालिया ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना।

### विश्व टीबी दिवस पर दिलाई शपथ

**राजौंद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विश्व टी बी दिवस, सिविल सर्जन कैथल के आदेश अनुसार सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप की अध्यक्षता में विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी ,आए हुए जनप्रतिनिधियों और क्षय कार्यक्रम में सहयोग करने वाले वॉलिंटियर को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 2025 में टीवी मुक्त भारत का लक्ष्य रखे हुए है।

## वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, 70 हजार की नकदी, 35 लाख की कीमत के उपकरण बरामद

# चोर गिरोह का भंड़ाफोड़, चार आरोपी दबोचे विभिन्न जिलों में की अठारह वारदातें कबूली

### पिछले दिनों में टॉवरो से आरआरयु उपकरण चोरी करने की बढ़ रही वारदातों पर अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश पत्रकारों को संबोधित करते तथा काबू किए गए आरोपियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

पिछले दिनों में टावरो से आरआरयु उपकरण चोरी करने की बढ़ रही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी राजेश कालिया द्वारा दिए गए निदेर्शों पर खरा उतरते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस द्वारा गिरोह से जुड़े 4 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए, जिनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट गाड़ी, वारदात में प्रयुक्त औजार, 70 हजार रुपए नगदी, करीब 35 लाख रुपये कीमत के 11 आर आर यु उपकरण बरामद किए गए। आरोपियों की गिरफ्तारी से हरियाणा के विभिन्न जिलों में टावरों से उपकरण चोरी करने की 18 वारदात सुलझाने में सफलता हासिल की गई है। प्रेस वार्ता दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश ने विस्तृत जानकारी देते बताया कि जिला जींद के गांव दालमवाला निवासी रणबीर सिंह की शिकायत अनुसार वह आरएस सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है।

जो आरएस कंपनी इंडस मोबाइल टावर की सुरक्षा की कार्य देखती है। गांव फरल में लगे टावर से 13 मार्च को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा टावर के ऊपर लगे एक आरआरयु उपकरणों को चोरी कर लिया गया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के इंस्पेक्टर रणजीत व एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह, एसआई शुभकरण, एचसी सुनील, एचसी ईश्म सिंह, एचसी अनिल की पुलिस टीम द्वारा करते गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी गांव गोहिदा जिला करनाल निवासी विनोदी, पवन व कुलदीप को गांव दुसैन के पास से काबू किया गया तथा आरोपी गांव गोहिदा निवासी विनोद उर्फ कुकु को उसके गांव गोहिदा से काबू किया गया।

#### पांच साल से करते थे टावरों पर काम

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ दौरान कबुला वे सभी करीब 5 साल से मोबाइल टावरो पर काम करते थे, तथा पिछले 2 साल से उनको टावरो पर कभी काम मिल जाता है, कभी नहीं मिलता तथा उनको उनके काम के एवज में समय पर सैलरी भी नहीं मिलती थी। उन सभी को पता था कि टावरो पर लगी आर आर यु (रिमोट रेडियो युनिट) काफी महंगी बिकती है, जो एक उपकरण की कीमत 2.5 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक है। उन सभी ने रात के समय टावरो से आर आर यु उपकरण चोरी करके बेचने की योजना बनाई तथा करीब 1 साल से टावरों से चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगे। आरोपियों द्वारा जिला कैथल की 6, जिला करनाल की 9, जिला कुरुक्षेत्र की 2 तथा जिला यमुनानगर की 1 टावर से उपकरण चोरी करने की वारदात कबूली है। आरोपी चोरीशुदा उपकरण को आगे बेचने के लिए अपने अन्य साथी आरोपी इंद्री करनाल निवासी संदीप को दे देते थे। जो आगे आरोपी संदीप बेचता था। आरोपी संदीप ने भी आरोपियों के साथ टावरो में काम किया हुआ है।

#### दिन में करते थे रैकी

डीएसपी ने बताया कि आरोपी दिन के समय टावरो की रैकी करते थे तथा रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जो एक आरोपी टावर के उपर चढ़कर चारो तरफ निगरानी करता था। 2 आरोपी टावर पर चढकर उपकरण उतारते थे। शेष आरोपी नीचे रहकर निगरानी करते थे। सबसे उपर चढ़े आरोपी को जब किसी व्यक्ति या गाड़ी के आने का आभास होता था तो वह फोन करके नीचे सूचना देता था, नीचे वाले आरोपी गाड़ी को दाएं बाएं छुपा लेते थे। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक स्विफ्ट गाड़ी, वारदात में प्रयुक्त औजार, 70 हजार रुपए नगदी, करीब 35 लाख रुपए कीमत के11 आर आर यु उपकरण बरामद किए गए। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।




कैथल। पंजाबी सेवा सदन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते सदस्य।

## बच्चों ने नृत्य कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पंजाबी सेवा सदन ने सदन परिसर में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। संस्था द्वारा आयोजित यह 13वा स्थापना दिवस है।कार्यक्रम में पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुभाष कथूरिया ने मुख्यातिथि व महेश धमीजा प्रधान सिरायकी परिवार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। कार्यक्रम का आगाज भारत माता के जय घोष कर शहीदों को नमन कर किया गया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुति रही। बच्चों ने नृत्य कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कैथल के नवोदित कलाकार प्रवीण धीमान ने अपनी मधुर आवाज में देश भक्ति के गीत प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब तालियां व प्रशंसा बटोरी।प्रवीण की आवाज का जादू दर्शकों के सिर चढ़ बोल रहा था।इस प्रस्तुति के लिए कोई राशि भी नहीं ली।प्रधान प्रदर्शन परुथी ने संस्था के भवन निर्माण से लेकर आज तक हुए कार्यों की जानकारी दी आगामी योजनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष कथूरिया व विशिष्ट अतिथि महेश धमीजा ने पंजाबी सेवा सदन द्वारा चलाए गए सेवा प्रकल्पों की प्रशंसा करते हुए राशन सेवा का मुख्य रूप से जिक्र किया और कहा जरूरतमंद परिवारों को राशन देकर संस्था वास्तविक समाज सेवा कर रही है इसके लिए सदन की पूरी टीम बधाई की पात्र है। मंच संचालन हर दिल अजीज,अपनी आवाज से दर्शकों का मन मोह लेने वाले महेंद्र खन्ना ने किया। इस अवसर पर इंद्रजीत आदि मौजूद रहे।

## रोजगार मांगने की बजाए रोजगार देने वाले बनें

- जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य और उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्किल का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



डीसी प्रीति ने कहा कि युवा रोजगार मांगने की बजाए रोजगार देने वाले बनें। इसके लिए उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए स्वयं में कौशल का विकास करना होगा। कौशल, मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग युवाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर आत्मनिभर बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। बेरोजगार युवा यहां से प्रशिक्षण हासिल कर न केवल स्वयं का बल्कि दूसरों के रोजगार का भी मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।डीसी प्रीति सोमवार को पीएनबी बैंक द्वारा ग्योंग गांव में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में अपने दौरे के दौरान प्रशिक्षणार्थियों संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यह कोर्स पूरा करने के बाद नौकरी की तलाश में भटकने की बजाय स्वरोजगार स्थापित करके ओर लोगों को भी रोजगार प्रदान करें। अपने अंदर इतना कौशल पैदा करें कि आपके काम की मांग हो। जैसे आप ब्यूटी पार्लर या टेलरिंग आदि का काम सीख कर जाते हैं तो अपने काम की बदौलत आपका गांव या शहर में नाम हो।

*एसपी ने मीटिंग में दिए निर्देश*

## सभी ज्वेलर्स शॉप पर उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एसपी राजेश कालिया बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

सोमवार को एसपी ऑफिस कैथल में पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया की अध्यक्षता में जिले की ज्वेलर्स एसोसिएशन के साथ सुरक्षा संबंधी एक मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में उपरोक्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों/सदस्यों को वर्तमान हालातों को मध्यनजर रखते हुए सुरक्षा के नजरिये से एसपी द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश/सुझाव दिए गए। इस दौरान एसपी राजेश कालिया ने इन एसोसिएशन की समस्याओं को विस्तार से जाना। समस्याओं को जानने उपरांत उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और बाकी की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। एसपी राजेश कालिया ने मीटिंग में निर्देश/सुझाव देते हुए कहा कि सभी ज्वेलर्स शॉप पर उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाएं।

*सात दिवसीय शिविर का आयोजन*

## स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कालेज प्रांगण की सफाई करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में प्राचार्य राजेश कुमार सैनी के कुशल नेतृत्व में एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम जुवारी के द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई के लिए श्रमदान की गतिविधि करवाइ गई। इसमें छात्राओं ने महाविद्यालय की क्यारियों की गुडाई की। इसके अलावा छात्राओं ने महाविद्यालय की बिल्डिंग की दीवारों के साथ होगी घास व कचरे की साफ सफाई की। अर्थशास्त्र प्राध्यापक श्री सुरेश कुमार ने स्वच्छता ही सेवा पर अपने विचार व्यक्त की।

## ठेके से 25 पेटी शराब, 2500 की नकदी लूटी

- गाड़ी सवार लुटेरों ने जैजैवंती शराब ठेके को लूटा
- दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसे लुटेरे, सेल्समैन के हाथ बनियान से बांधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव जैजैवंती में बीती रात गाड़ी सवार लुटेरे ने शराब ठेका सेल्जमैन को काबू कर 25 पेटी शराब, 2500 की नगदी को लूट लिया। लुटेरे सेल्जमैन को बनियान से बांध कर शराब ठेके में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर तथा सेल्जमैन का मोबाइल भी अपने साथ ले गए। जुलाना थाना पुलिस ने शराब ठेका सेल्जमैन की शिकायत पर अज्ञात कार सवार लुटेरों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले एक माह में जुलाना इलाके में शराब ठेका लूट की यह दूसरी वारदात है। गांव सलारपुर जिला सहारनपुर निवासी रामदिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव जैजैवंती शराब ठेके पर सेल्जमैन के पद पर कार्यरत है। बीती देर रात गाड़ी सवार चार-पांच युवक शराब ठेके पर आए। आवाज देने पर जब उसने शराब ठेका गेट नही खोला तो लुटेरे दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस गए। आरोपीतों ने उसके हाथ बनियान से बांध दिए। इसके बाद 14 पेटी अंग्रेजी शराब तथा 11 पेटी देशी शराब और 2500 रुपये की नगदी को निकाल कर गाड़ी में रख लिया। इसके बाद आरोपितों ने सीसी टीवी कैमरा की डीवीआर निकाल लिया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित गाड़ी से फरार हो गए। सोमवार को सुबह होने पर आने-जाने वाले लोगों ने सेल्जमैन को बंधन मुक्त कर घटना की सूचना शराब ठेकेदार तथा पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने सेल्जमैन रामदिया की शिकायत पर अज्ञात चार-पांच गाड़ी सवार युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों ने ली बाल विवाह रोकने की शपथ

**कैथल।** राजकीय आईटीआई कैथल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह एक अभिशाप विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंच का संचालन करते हुए खंड युथ कोऑर्डिनेटर कैथल शमशेर सिंह मलिक द्वारा बताया कि संस्थान में प्रत्येक सोमवार को बाल विवाह को रोकने हेतु छात्र-छात्राओ में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। तिम सोमवार कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी की ओर से आउटरीच वर्कर सोनू ने बाल विवाह जागरूकता, जेजे बोर्ड व पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा बाल विवाह के दुष्परिणाम पर चर्चा करते हुए अनिल ढुल व मीनाक्षी ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेटर ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में एमडीडी कार्यकर्ता रज्जो ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकने व समाज में जागरूकता फैलाने को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की सामाजिक बुराई को रोकने को लेकर सभी को एकजुट होकर कदम उठाने होंगे। यदि किसी भी स्थान पर बाल दिवस की सूचना मिलती है तो तुरंत जिला प्रशासन को सूचित करें।



आईटीआई के विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाती रज्जो व अन्य

## सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेंगे

- पंजाबी सेवा सदन में 6 अप्रैल को समारोह होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। सेवा संघ संस्था के पदाधिकारी बातचीत करते।

सेवा संघ संस्था द्वारा 6 अप्रैल को पंजाबी सेवा सदन में आयोजित होने वाले 17वें गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़े वैवाहिक सूत्र में बंधेंगे। यह जानकारी सेवा संघ के संस्थापक एवं प्रधान डॉ. शिव शंकर पाहवा ने दी। पाहवा सामूहिक विवाह समारोह के प्रबंधों के लिए ली गई बैठक में बोल रहे थे, उन्होंने बताया कि अंबाला शहर की नवनिर्वाचित मेयर श्रीमती शैलजा संदीप सचदेवा मुख्य अतिथि के तौर पर तथा नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी कवल आहूजा बतौर अध्यक्ष नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे।उन्होंने बताया कि हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व विधायक लीला राम, समाज सेवी डॉ. डीपी गुप्ता समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे तथा महंत हरिश जी शास्त्री, महंत रमनपुरी जी, बाई सार शरणानंद जी तथा बाबा रजनीश शाह वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेंगे जिन जिन महानुभवों ने एक-एक कन्यादान करने का बीड़ा उठाया है।

### सामाजिक न्याय को लेकर 8 से 14 अप्रैल तक दलित अधिकार मंच चलाएगा बहुआयामी गतिविधियां



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते कर्मचारी नेता

**कैथल।** दलित अधिकार मंच हरियाणा जिला कमेटी कैथल की मीटिंग लघु सचिवालय परिसर में ईश्वर सिरोही की अध्यक्षता में हुई और संचालन विक्की टांक ने किया। मंच की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य शिवचरण ने राज्य कमेटी के फैंसलों से अवगत करवाया। कहा कि भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान वर्ष 1929 में जनता विरोधी व श्रमिक विरोधी लाए गए ट्रेड डीस्पयुट बिल व पब्लिक सेफ्टी बिल के खिलाफ असंबली में 8 अप्रैल के दिन भगत सिंह व बी के दत द्वारा बहरों को सुनाने के लिए बम धमाका किया गया था, जो कि ऐतिहासिक दिन है। इस दिन से लेकर 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले जयंती,12 अप्रैल को नुक्कड़ दिवस,13 अप्रैल को जलियाँवाला बाग काण्ड की बरसी व बैसाखी उत्सव और 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सामजिक न्याय को लेकर सप्ताह भर बहुआयामी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## आशा वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा दिया जाए : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




नारेबाजी करते आशा वर्कर्स ।

जिले की आशा वर्कर्स ने प्रदर्शन करते हुए नगराधीश कैथल के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन देकर मांग की है कि नेशनल हैल्थ मिशन को स्थाई रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाकर उन्हें पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए ,इस बारे भारतीय श्रम सम्मेलन ने भी सिफारिश की है , ज्ञापन में बारह मांगों का उल्लेख है । इससे पहले जिले की वर्कर सचिवालय परिसर पार्क में रीना खेड़ी की अध्यक्षता में इकट्ठा हुई ,मंच का संचालन करते हुए कविता राजौंद ने बताया कि उनपर आए दिन नए नए काम थोपें जा रहें हैं , लेकिन सुविधाएं देने के नाम पर उनसे लगातार अन्याय किया जा रहा है, केन्द्र सरकार ने 2018 के बाद उनके मानदेय व वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, सभी प्रकार के स्वास्थ्य संस्थानों में उनके लिए आशा विश्राम कक्ष भी नहीं है , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात की जा रही है , लेकिन उनके लिए छः महीने का सवेतन अवकाश,साल में बीस आकस्मिक अवकाश व चिकित्सा अवकाश लागू नहीं है।

**कार्यक्रम** एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

*छात्राओं से शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने की भी अपील की*

# नेहा एमकोम फाइनल ईयर की छात्रा ने देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत से लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर का सातवें दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार निशिकांत शर्मा को बतौर मुख्य अतिथि बुलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम जुवारी ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों का स्वागत एनएसएस वॉलिंटियर्स ने एनएसएस गीत सुनाकर किया। सात दिवसीय शिविर का विवरण बताते हुए कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय की एन एस एस यूनिट ने स्टेट एन एस एस सेल के दिशा-निर्देश अनुसार शिविर को पूरा किया। उन्होंने बताया कि शिविर में यूथ फॉर माय भारत विषय पर खरा उतारते हुए, वॉलिंटियर्स का डिजिटल भारत व माय भारत अभियान में महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता और स्वास्थ्य, योग का महत्व, नशा मुक्ति अभियान तथा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जागरूकता पर विशेष कार्यक्रमों (रैली एवं नुक्कड़ नाटक) का आयोजित किया गया। जिनका इंदिरा कॉलोनी एवं कलायत शहर पर सकारात्मक प्रभाव नजर आया। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा छात्रों में प्रतिभा खोज की गई। सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने अलग-अलग समूह में रहते हुए शिविर की गतिविधियों में भाग लिया जैसे प्रदर्शनी के लिए पेंटिंग व स्लोगन तैयार करना, खाना बनाना आदि। 7 दिनों के कार्यक्रमों को छात्राओं ने बड़े सुंदर ढंग से लघु नाटिका द्वारा प्रस्तुत किया।

पूजा व मनीषा बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने लड़की की भावनाओं के विषय पर सुंदर गीत व कविता प्रस्तुत की, वहीं ज्योति बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा के देशभक्ति गीत से सब में जोश भर दिया। नेहा एम कोम फाइनल ईयर की छात्रा ने देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। शिविर की 7 दिनों की गतिविधियों पर आधारित एक वीडियो भी दिखाई गई। शर्मा जी ने छात्राओं से शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने की भी अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर की सफलता की बधाई दी एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया शुरूः डीडीपीओ

**जींद ।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज ने बताया कि जिले में पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव 2025 के लिए मतदाता सूची को संशोधित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा किया जाएगा ताकि हर एक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। डीडीपीओ भारद्वाज ने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों में जो पद खाली हैं, उन्हें भरने के लिए उप चुनाव करवाए जाएंगे। इसके लिए मतदाता सूची को सही और अपडेट करना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे और गलत नाम हटाए जा सकें।

### रामा संस्कृति स्कूल का शिक्षा रथ रवाना

**सफीदों।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र में दाखिलों को लेकर अभिभावकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिक्षा रथ को प्राचार्य डॉ. योगेंद्रपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि शिक्षा रथ के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### दादी सती रानियों का भंडारा 29 मार्च को

**सफीदों ।** नगर के ऐतिहासिक दादी सती रानी स्थल पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 29 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी दादी सती रानी समिति के अध्यक्ष मनोज दीवान ने देते हुए बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक रूप से तैयारियां चल रही है तथा एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करके पदाधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। इस आयोजन के लिए निमंत्रण पत्र बांटने का कार्य शुरू हो चुका है। मनोज दीवान ने बताया कि इस समारोह के प्रचार के लिए व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन वाले दिन सती स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को यहां पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए महाराजा अग्रसैन चौंक से वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस भंडारे व समारोह में भारत ही नहीं बल्कि विदेशों तक में रहने वाले दीवान, मोटान व नानके खानदान के करीब 500 से अधिक परिवार भाग लेंगे।

## सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर सुपरवाइजर को सौंपा ज्ञापन

# पोषण ट्रैकर एप पर फोटो कैप्चर के विरोध में उतरी आंगनबाड़ी वर्कर्स, की नारेबाजी

■ महिला की चुन्नी, बिंदी के बदलाव के कारण दूसरी बार फोटो नहीं होती कैप्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा




**जींद।** खंड महिला एवं बाल विकास कार्यालय अलेवा पर विभाग के खिलाफ नारेबाजी करती आंगनबाड़ी वर्कर व खंड महिला एवं बाल विकास कार्यालय अलेवा पर सुपरवाइजर को ज्ञापन देती आंगनबाड़ी वर्कर। फोटो : हरिभूमि

पोषण ट्रैकर एप पर फोटो कैप्चर के विरोध में अलेवा ब्लाक की आंगनबाड़ी वर्करों ने खंड महिला एवं बाल विकास कार्यालय अलेवा पर विभाग तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विभाग की सुपरवाइजर को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। सुपरवाइजर सरोजबाला को सरकार के नाम सौंपे ज्ञापन में आंगनबाड़ी वर्कर सुमित्रा, अनिता, कमलेश, दर्शना देवी, सुशीला, शीला देवी, बिमला, बाला, कमलेश, सरोज, सुनिता, केला, गीता, निर्मला, सीमा, गीता, गायत्री आदि ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप 200 एमबी की है, जबकि विभाग के द्वारा दिए गए फोन इतने छोटे है कि एप ठीक ढंग से काम नहीं करती। फोटो कैप्चर के साथ-साथ जब भी हम एप से कोई काम करते है तो फोन हैंग हो जाता है। गरीब लोग जोकि वास्तव में जरूरतमंद है। उनके परिवार के मुखिया के पास ही फोन होता है। जो फोन लेकर काम पर चले जाते हैं। इसलिए उनसे ओटीपी लेना आसान नहीं है। स्लम एरिया के लोग ज्यादातर अनपढ होने के कारण ओटीपी नहीं दे पाते हैं। लेडिज की फोटो कैप्चर में पहली बार ली फोटो में चुन्नी ड्रूषबंदी के कारण बदलाव होने से दूसरी बार फोटो कैप्चर होती। साइबर क्राइम ज्यादा होने के कारण लोग ओटीपी नहीं बताते। सर्वे डाउन की समस्या होने के कारण पूरा काम ब्लाक हो जाता है। जिससे कई बार एक-एक लाभार्थी के लिए दो से तीन दिन लग जाते हैं। पोषण ट्रैकर व फोटो कैप्चर वाले काम के कारण हम आंगनबाड़ी केंद्र व प्ले में आने वाले बच्चों को समय नहीं दे पाते। विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा वर्करों पर दवाब बनाया जा रहा है।

> **काम तो करना पड़ेगा : सीडीपीओ**
>
> सरकार तथा विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार वर्करों को काम करना पड़ेगा। अगर कोई वर्कर ऐसा नहीं करती है तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके लिए सुपरवाइजर को हिदायत दे दी गई है।
>
> -कांता यादव, सीडीपीओ



**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

## आशा वर्कर्स का मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ केंद्र सरकार ने 12 वर्ष से प्रोत्साहन राशि न बढ़ाए जाने पर जताया रोष

आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर सोमवार को आशा वर्कर्स एवं फैसिलिटेटरों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया और तहसीलदार माध्यम से केंद्र सरकार को मांगों को लेकर ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान नीलम, जिला सचिव राजबाला ने किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आशा वर्कर्स अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर असांदोलनरत हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निदान नही किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोत्तरी नही की गई है आशाओं के काम केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बढ़ा रही है। आशा वर्कर से फील्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सारे कार्यों को करते हुए उनका रखरखाव रखने का दबाव बनाया जाता है और अब तो सरकार ने हद ही कर दी है आशा वर्कर्स को बिना कोई प्रोत्साहन राशि दिए डिजिटल कार्य भी करवा रही है। जिस देश की तमाम 10 लाख आशा वर्कर्स बहुत परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि एनएचएम को स्थायी प्रोग्राम बनाकर आशा वर्कर को पक्का कर्मचारी बनाया जाए। जब तक पक्का कर्मचारी नहीं बनाया जाता तब तक 45वें 46 वें श्रम सम्मेलन की।

## बनभौरी धाम तक की एक दिवसीय पैदल ध्वजायात्रा 29 को होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** निमंत्रण बांटते संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जय मां बनभौरी सेवा समिति द्वारा 29 मार्च को बनखंड महादेव से बनभौरी धाम के लिए विशाल पैदल ध्वजा यात्रा रवाना की जाएगी। इस यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं, पुरूष और बच्चे भाग लेंगे। इस यात्रा में महिलाओं की संख्या अच्छी खासी रहेंगी। यह कार्यक्रम बनभौरी धाम मंदिर के पुजारी पुलकित कौशिक के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। संस्था के प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, रायपुर से प्रमुख समाजसेवी अनिल कुमार गर्ग, अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल, जियालाल गोयल, अनीष बंसल, सीमा महंत आदि अतिथिगण यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। 29 मार्च को बनखंड महादेव हांसी रोड जींद से शुरू होगी।

## पशु चिकित्सकों को वेतन नहीं मिलने पर जताया रोष

**जींद ।** हरियाणा पशुपालन विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सकों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिलने के मुद्दे पर राज्य स्तर पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी है। हरियाणा स्टेट वेटरनरी एसोसिएशन ने घोषणा की है कि प्रदेश के सभी पशु चिकित्सक मार्च के अंत में कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले के दौरान काली पट्टी बांध कर ड्यूटी करेंगे। यह कदम वेतन विलंब और विभागीय उदासीनता के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए उठाया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रधान डॉ. जगबीर सिंह ढांडा ने बताया कि दो महीनों से वेतन नहीं मिला।

## वेदांता किड्स में मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट में 78 छात्रों ने भाग लिया

क्लास के हिसाब से प्रश्न हल करवाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** परीक्षा देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूलए बसंत विहार में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 78 छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन के अनुसारए इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य योग्य छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। परीक्षा में बच्चों से उनके क्लास के हिसाब से प्रश्न हल करवाए गए। विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन व प्रिंसिपल रश्मि जैन ने बताया कि स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों को विशेष शुल्क छूट और अन्य शैक्षणिक लाभ दिए जाएंगे। स्कॉलरशिप में विजेता बच्चों को साइकिलए कैरम बोर्डए स्कूल बैग लंच बॉक्स व बैडमिंटन आदि इनाम उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढने का अवसर देना है ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। विद्यालय द्वारा नर्सरी से के जी2 तक के बच्चों के लिए लकी ड्रा निकाल गया। जिसमें माही गुप्ता पहले स्थान परए प्रिंसी दूसरे स्थान पर तथा आरव तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यालय की खूब सराहना की।



**नरवाना।** एनएसएस शिविर का शुभारंभ करते हुए।

### एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशिष्ट एनएसएस शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों को सहयोग से हर काम करने के लिए उत्साहित किया कि हम यदि सहयोग से कार्य करते हैं तो वह जरुर सफल होगा। एन एस एस का मोटिव भी यही है . नोट मी बट यू। महाविद्यालय एनएसएस यूनिट एक की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मधु शर्मा ने भी स्वयं सेविकाओं को मोटिवेट किया कि युवा शक्ति में बहुत ताकत होती है। युवा देश की रीड होते हैं। अगर युवा शक्ति चाहे तो बहुत कुछ कर सकती है। एन एस एस तुम्हें अपने आप को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करता है। महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट 2 की कार्यक्रम अधिकारी मूर्ति जागलान ने भी स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया कि एन एस एस विद्यार्थियों से ही है और विद्यार्थियों के लिए ही सभी गतिविधियां करवाई जाती हैं।

## टीबी को हराना है, देश को बचाना है नामक स्लोगनों से किया जागरूक

■ स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व टीबी दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



**अलेवा।** नगूरां पीएचसी में लोगों को टीबी नामक रोग के बारे में जागरूक करतीं स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार नगूरां पीएचसी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व टीबी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व पुष्पावती ने की। इस दौरान टीबी को हराना है, देश को बचाना है नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरीया से फैलती है। इससे क्षय रोग के नाम से भी जाना जाता है। टीबी रोग के लक्षण बताते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा लगातार खांसी रहना, बलगम में खून आना, शाम को बुखार रहना, रात में पसीना आना, वजन कम होना, सांस लेने में दिक्कत के अलावा छाती में दर्द रहना लक्षण हो सकते हैं।



**जींद।** विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

### कबड्डी के विजेता टीमों को किया गया सम्मानित

**सफीदों ।** सफीदों उपमंडल के गांव बहादुरगढ़ में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स सोसाइटी द्वारा करवाए गए 7वें नेशनल स्टाइल कबड्डी कप में पुरुष वर्ग में इंडियन रेलवे व महिला वर्ग में गुजरात साई की टीम चैंपियन बनी है। पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता का फाइनल मैच इंडियन रेलवे व अर्जुन स्टेडियम जींद की टीम के बीच खेला गया। जिसमें इंडियन रेलवे की टीम ने 35-27 के अंतर से अर्जुन स्टेडियम जींद की टीम को हराकर ट्रॉफी व प्रथम इनाम 71 हजार रुपए पर अपना कब्जा किया। इससे पहले सेमी फाइनल मैच में अर्जुन स्टेडियम जींद की टीम ने 26-18 के अंदर से गांव रोहेडा की टीम को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। जबकि दूसरा सेमीफाइनल इंडियन नेवी व इंडियन रेलवे के बीच खेला गया था। जिसमें इंडियन रेलवे की टीम ने 38-35 के अंतर से इंडियन नेवी की टीम को हराया था। वहीं लड़कियों का फाइनल मैच गुजरात साई व सोनीपत टीम के बीच खेला गया।

## रघुबीर बने अतिरिक्त अनाज मंडी की आढ़ती एसो. के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



नवनियुक्त प्रधान रघुबीर मलिक समर्थकों के साथ।

सोमवार को अतिरिक्त अनाज मंडी की आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव हुआ। इस चुनाव में भी दो उम्मीदवारों पूर्व प्रधान रहे रघुवीर सिंह मलिक व जगदीश राय सिंगला के बीच मुकाबला था। इसमें रघुवीर मलिक दो वोटों से जीत दर्ज कर कैथल की अतिरिक्त अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान चुने गए। रघुवीर सिंह मलिक को 78 वोट और जगदीश राय सिंगला को 76 वोट मिली। बता दें कि अतिरिक्त अनाज मंडी की एसोसिएशन के कुल 154 आढ़तियों की वोट हैं। इस दौरान सभी आढ़तियों ने अपने वोट का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया के तहत अतिरिक्त अनाज मंडी में बनाए गए किसान भवन में मतदान करवाया गया था।

## महिला संस्कृति भवन का लीलाराम ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पूर्व विधायक लीला राम गांव पाडला में जनसभा को संबोधित करते हुए।

पूर्व विधायक लीला राम ने गांव पाडला में 25 लाख रुपये से निर्मित महिला सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लीला राम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं भारत देश की तरक्की में अहम योगदान रखती हैं। लीलाराम ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश और प्रदेश में बनी है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलायी हैं पिछले दिनों ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने भी महिलाओं को सक्षम और मजबूत बनाने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 हर महिला को मिलेंगे। इसकी घोषणा भी मुख्यमंत्री जी ने की है। पूर्व विधायक लीलाराम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार कैथल हल्के में निरंतर विकास कार्य करवा रही है।

**धर्मकर्म** श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी होंगे चैत्र नवरात्र

# चैत्र नवरात्र में अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि का अद्भुत संयोग

■ चैत्र नवरात्र की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु, मंदिर परिसर में सफाई कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की मूर्ति की सफाई करते हुए।

हिंदू धर्म में चैत्र व शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। श्रद्धालु नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु माता दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की नौ दिनों तक पूजा अर्चना करते हैं और फिर कंजक पूजन कर अपना व्रत खोलते हैं।

इस बार चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास रहने वाले हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत संयोग बनेगा। नवरात्रि के पहले दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। श्रद्धालु नवनात्र पर्व की तैयारियों को लेकर जुटे हैं। फिर मंदिर परिसरों में मंदिरों की सफाई व साज-सज्जा का कार्य किया जा रहा है।

### नवरात्र के पहले दिन होगा इंद्र योग का निर्माण

नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इंद्र योग संध्याकाल 05 बजकर 45 मिनट तक है। संध्याकाल 04 बजकर 35 मिनट से सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। इंद्र योग में देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की।

### मंदिर परिसरों में शुरू हुआ सफाई कार्य

चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर परिसर में सफाई कार्य शुरू हो गया है। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में मूर्तियों की साफ-सफाई की जा रही है। सबसे ज्यादा श्रद्धालु इसी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को चैत्र नवरात्र के दौरान पूजा अर्चना में किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका प्रबंध किया जा रहा है। बेरिकेडिंग व वालेंटियरों की डयूटी नवरात्र के दौरान लगाई जाएगी।

> **घट स्थापना समय**
>
> जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 30 मार्च को घटस्थापना समय सुबह 06 बजकर 13 मिनट से लेकर 10 बजकर 22 मिनट तक है। इस समय में स्नान, ध्यान कर कलश स्थापना कर सकते हैं। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त 12 बजकर 01 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 50 मिनट के मध्य भी कलश स्थापना कर सकते हैं। इन दो शुभ योग में घटस्थापना कर सकते हैं। शुभ समय में कलश स्थापना करने से साधक को शुभ फल मिलता है। वही अमावस्या तिथि और रात के समय में कलश स्थापना नही करनी चाहिए। जगत जननी मां दुर्गा अपने भक्तों पर अपनी कृपा सदैव बरसाती हैं। उनकी कृपा से व्रती की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में अपार वृद्धि होती है।

### श्रद्धालु घट स्थापना करेंगे 30 मार्च को

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत शनिवार 29 मार्च को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर शुरू होगी। वहीं 30 मार्च को प्रतिपदा तिथि दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान्य है। इसके लिए श्रद्धालु 30 मार्च को घट स्थापना करेंगे और चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी।



**नरवाना।** रैली में मौजूद युवा।

### शहीदी दिवस पर इंकलाब रैली निकाली

**नरवाना।** इंकलाब ग्रुप ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन से लेकर भगत सिंह चौंक तक इंकलाब रैली निकाली जिसमें शहर वासियों को संदेश दिया कि जिस प्रकार भगत सिंहए सुखदेव और राजगुरू ने अपनी मातृभूमि के लिए हंसते.हंसते जान न्यौछावर कर दी उसी प्रकार से हमें भी अपने देश को बचाने के लिए सबसे पहले बढ़ती हुई नशे की लत को छोडना होगा। आज हमारी राजनीति भी इतनी बिगड़ चुकी है कि यह पता लगाना मुश्किल है कि कौन सही है और गलत। हमें चाहिए कि हम भी अपने देशभक्तों की तरह उनके सिद्धान्तों पर चलना चाहिए। इन बातों को मध्यनजर रखते हुए शहर में स्थित भगत सिंह चैक पर गुरप के सदस्यों ने भगत सिंहए सुखदेव और राजगुरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इंकलाब ग्रुप नरवाना बलराजन प्रधान ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश आज अपने अमर शहीदों को याद कर रहा है। वर्ष 1931 में आज ही के दिन शहीद.ए.आजम भगत सिंहए राजगुरु और सुखदेव को लाहौर की सेंट्रल जेल में फांसी दे दी गई थी। राहुलए सुनीलए चीन्नूए साहिलए अजय लौटए अमरीकए टींकु सिंगलाए हन्नीए प्रमोदए कुलदीपए प्रिन्स गर्गए कमलए विकीए मोनूए अंकुश चैहानए विष्णुए नरेश नैन कालवनए विकास लौनए साहिल साहिल फुलियांए आदि शामिल रहे।